एक नजर में

देवशयनी एकादशी पर हुए भजन

ब्यावरा 26 जुलाई, का. समीपस्थ गांव हबीपुरा में देवशयनी एकादशी के दिन ग्रामीण महिला पुरूषो ने व्रत रखा तथा मंदिर में ठाकुरजी के दर्शन किये. शाम को श्रीराम मंदिर पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया. इस भजन कीर्तन के आयोजन में गांव के ही भजन गायकों ने अपने सु-मधुर भजनों से देर रात तक आनंद का रसापान कराया. वहीं गांव में महिला मंडल के द्वारा भी भजन कीर्तन कर सुख सम्रद्धि के लिए प्रार्थना की. धार्मिक मान्यता के अनुसार देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चार माह के लिए योगनिद्रा में चले जाते है. और इसी दिन से चर्तुमास का शुभारंभ होता है. अंत में प्रसादी का वितरण किया गया.

वरिष्ठ पार्षद का स्वागत किया

खिलचीपुर 26 जुलाई, सं. विगत दिवस बिजासन माता मंदिर में वरिष्ठ पार्षद लखन कलोसिया का समस्त वाल्मीकि समाज जन द्वारा मंदिर परिसर में भव्य स्वागत किया गया. इस मौके पर बाबू लाल कलोसिया, संजय जावा, खेमचंद कलोसिया, मूलचंद जावा, विनोद ऊंटवाल, मुकेश कलोसिया, पप्पू मकवाना, दिनेश, सूरज कलोसिया, जितेन्द्र, राजू मांगीलाल, मिलन, कमल, कुंदन सहित इष्ट मित्रों ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी.

एल्डरमैन बनने पर स्वागत

ब्यावरा 26 जुलाई, का. नगर पालिका परिषद में एल्डरमैन बनने पर श्रीमती सुनीता विश्वकर्मा का भव्य स्वागत किया गया. नगर के विश्वकर्मा समाज बंधुओ ने एकत्रित होकर ढोल नगाड़ों पटाखे फोड़ कर मिठाइयां खिलाई खुशियां मनाई गई एवं श्रीमती सुनीता विश्वकर्मा को बधाई दी.

मधुर गीतों के बीच अभिभावक दिवस मनाया

नरसिंहगढ़ 26 जुलाई, सं. प्रज्ञा सागर पब्लिक स्कूल में अभिभावक दिवस मनाया गया. इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य नीरज शर्मा एवं उपप्राचार्य शिवानी गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलंकर कार्यक्रम की शुरुआत की. इस अवसर पर प्री प्राइमरी के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी. बच्चों ने मां सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति भी दी. केजी की छात्रा मानवी सोलंकी ने माता पिता के लिए सुमधुर गीत गाकर समां बांध दिया. उपप्राचार्य मैडम ने स्वागत भाषण में सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए संस्था के लक्ष्य, उद्देश्य एवं योजनाओं की जानकारी दी.

गौवंश की सुरक्षा : ना सड़कों में, ना आंकड़ों में

हाईवे पर बीती रात ट्रक ने 15 गायों को रौंदा, कलेक्टर ने गौशालाओं की समीक्षा में 5 पशु चिकित्सकों का वेतनवृद्धि रोकी

गौवंश संरक्षण में लापरवाही पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की सख्त कार्रवाई गलत गौवंश सत्यापन करने वाले पांच पशु चिकित्सकों की वेतनवृद्धि रोकने दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 26 जुलाई, का. बारिश में हर साल गायों की हाईवे पर मौतों का सिलसिला रूक नहीं रहा है. प्रशासन और सामाजिक संगठनों द्वारा कोशिशें की जाती है लेकिन नतीजा वही सामने आ जाता है. गायों के संरक्षण की सिर्फ बात होती है संरक्षण नहीं होता. बोवनी के बाद गांवों से गायों को खदेड़ा जाता है, वे हाईवे पर कीचड़ से बचने के लिए बैठ जाती है और रात के समय ट्रक और भारी वाहन उन्हें रौंद जाते है. कागजों और सड़कों दोनों में गौवंश सुरक्षित नहीं है.

एक बार फिर से दोनों मामलों में गायों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहा है. एक ओर जहां राजगढ़ नगर के समीप बीती रात एक डम्पर ने करीब आधा दर्जन गायों को रौंदा डाला. जिसमें गौवंश के शव हाईवे पर नजर आने लगे. वहीं दूसरी जिले की गौशालाओं में गायों की संख्या का परीक्षण करने के बाद कलेक्टर ने लापरवाही पकड़ी और 5 पशु चिकित्सकों को जिम्मेदार मानते हुए वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की. दोनों की मामलों में जिम्मेदारी तय नहीं है. गौशालाओं में और कागज में दर्ज गायों की संख्या में अंतर आया है और जो अंतर आया है वह हाईवे पर दम तोड़ रही है.

ट्रक ने 17 गाय-बछड़ों को रौंदा, 15 की मौत

राजगढ़ में रविवार देर रात -52 पर टोल टैक्स के पास तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर बैठे गोवंश को कुचल दिया. हादसे में एक बछड़े सहित 15 गायों की मौके पर ही मौत हो गई. दो गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक लेकर भाग निकला. गो सेवकों ने पुलिस को सूचना दी और राजगढ़ की ओर बैरिकेड लगाकर ट्रक रोकने की तैयारी की. कोतवाली पुलिस ने कुछ ही देर में उसे पकड़कर ट्रक जब्त कर लिया. सड़क पर जगह-जगह गोवंश के शव पड़े थे. हादसे के बाद कुछ देर हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा. थाना प्रभारी मंजू मखेनिया ने बताया कि हादसे में एक बछड़े सहित 15 गायों की मौत हुई है. ट्रक तमिलनाडु से लोहे के सरिए लेकर पंजाब जा रहा था. चालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है. टीआई ने कहा कि ऐसे हादसे रोकने के लिए पुलिस और गोसेवक मिलकर सड़क पर घूमने वाले गोवंश के सींगों पर रेडियम लगाने का अभियान चलाएंगे, ताकि रात में वाहन चालकों को वे दूर से दिखाई दे सकें. टोल कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि आसपास के गांवों से लोग निराश्रित गोवंश को हाईवे किनारे छोड़ जाते हैं. रात में यही गोवंश सड़क पर बैठ जाता है और तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आ जाता है. कई जगह उन्हें गांव की सीमा से बाहर और हाईवे किनारे छोड़ दिया जाता है.

गौशालाओं में दर्ज और मौजूद गायों की संख्या में अंतर

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गौशालाओं में गौवंश के सत्यापन में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर संबंधित पशु चिकित्सकों के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने गलत सत्यापन के लिए उत्तरदायी पाए गए पांच पशु चिकित्सा अधिकारियों की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की अनुशंसा आयुक्त, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मध्यप्रदेश को प्रेषित की है. कलेक्टर के निर्देशानुसार गौशालाओं में संरक्षित गौवंश का भौतिक सत्यापन कराया गया. सत्यापन के दौरान पशु चिकित्सकों द्वारा प्रमाणित गौवंश की संख्या एवं प्रशासन द्वारा कराए गए पुन: सत्यापन में कई गौशालाओं में गौवंश की वास्तविक संख्या कम पाई गई. जांच में डॉ. तीरथराज कुलस्ते, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, जीरापुर द्वारा सत्यापित 7 गौशालाओं, डॉ. अमित शाक्य, सारंगपुर द्वारा सत्यापित 3 गौशालाओं, डॉ. अनीता पंवार, सुठालिया द्वारा सत्यापित 3 गौशालाओं, डॉ. विनोद यादव, माचलपुर (मालावर क्षेत्र) द्वारा सत्यापित 12 गौशालाओं तथा डॉ. मधुसूदन शाक्य, खिलचीपुर द्वारा सत्यापित 1 गौशाला में गौवंश की संख्या में अंतर पाया गया. संबंधित अधिकारियों से कारण बताओ सूचना-पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण प्राप्त किया गया, किंतु उनके उत्तर संतोषजनक नहीं पाए गए. इसके उपरांत कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी संबंधित अधिकारियों की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की अनुशंसा आयुक्त महोदय को प्रेषित की है.



गौवंश हाईवे पर है, यह किसकी जिम्मेदारी

पशु विभाग के उप संचालक डॉ. दयाराम अहिरवार के अनुसर जिले में 153 गोशालाएं हैं. अधिकांश गोशालाओं की क्षमता सीमित होने के कारण सभी निराश्रित गोवंश को वहां रखना संभव नहीं है. उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती सड़कों और खुले क्षेत्रों में घूम रहे गोवंश को पकड़कर सुरक्षित रूप से गोशालाओं तक पहुंचाना है. अनुमान के अनुसार करीब दो हजार से ज्यादा गायें हाईवे पर लावारिस हालत में है. बाजारों में घूम रही है. इन्हें गौशालाओं, गौ पालकों द्वारा रखा जाना चाहिए लेकिन ये हाईवे पर मौजूद है.

28 वां गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 29 को

ब्यावरा 26 जुलाई, का. श्रीरामचरित मानस धाम नीलगिरी आश्रम, हबीपुरा में इस वर्ष 28वें गुरु पूर्णिमा महोत्सव का दो दिवसीय भव्य आयोजन किया जा रहा है. आयोजन के अंतर्गत कल 28 जुलाई को शाम 7.30 बजे से विशाल भजन संध्या का शुभारंभ होगा. जिसमें क्षेत्र एवं आसपास के विभिन्न स्थानों से आए भजन गायक मां सरस्वती की आराधना स्वरमयी भजनों के माध्यम से करेंगे. 29 जुलाई को गुरु पूजन एवं आध्यात्मिक प्रवचन होंगे. जानकारी के अनुसार ग्राम हबीपुरा स्थित नीलगिरी आश्रम पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरुपूर्णिमा का आयोजन किया जा रहा है. यह आयोजन विगत 27 वर्षो से निरंतर जारी है. गुरुपूर्णिमा के एक दिन पहले दूर दराज से कई कलाकर अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति देते है. गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रातः 12 बजे से गुरु पूजन, आध्यात्मिक प्रवचन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा. नीलगिरी आश्रम के संचालक मानस मधुकर पंडित कपिल कुमार शर्मा ने सभी श्रद्धालु भक्तों एवं क्षेत्रवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है.

कांग्रेस ने निकाला विजय जुलूस शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी

गायों की मौत पर ज्ञापन भी सौंपा

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 26 जुलाई, का. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद जिला कांग्रेस कमेटी, राजगढ़ द्वारा विजय जुलूस निकाला गया. कांग्रेस नेताओं ने इसे देशभर में छात्रों की आवाज़ और कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए गए आंदोलन की जीत बताया.

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी लगातार नीट पेपर लीक, शिक्षा मंत्रालय की कथित विफलताओं तथा छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही थी. इसी क्रम में राहुल गांधी के आह्वान पर देशभर में छात्रों की गूंज अभियान चलाया गया तथा प्रत्येक जिले में कार्यक्रम आयोजित किए गए.

राजगढ़ जिले में भी ब्यावरा में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम में सैकड़ों छात्रों ने भाग लेकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार और छात्रों के हितों से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज़ बुलंद की. यह आंदोलन छात्रों के अधिकारों और बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए समर्पित था.

शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर विजय जुलूस निकाला

विजय जुलूस के उपरांत कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राजगढ़-ब्यावरा हाईवे पर 16 गौमाताओं की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में गौशालाओं के समुचित संचालन तथा टोल प्लाज़ा पर कैटल प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो. इस अवसर पर कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया गया. विजय जुलूस एवं कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, इंका नेता राधेश्याम सोमतिया, बडी संख्या में इंका कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

कुंआखेड़ा अब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

ब्यावरा 26 जुलाई, का. खिलचीपुर विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्राम कुंआखेड़ा का उपस्वास्थ्य केन्द्र अब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन होगा. लंबे समय से ग्रामीण इसे अधिक सुविधायुक्त करने की मांग कर रहे थे. मामले में बीते दिनों विधायक हजारीलाल दांगी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखा था. अब तक इस उपस्वास्थ्य केन्द्र में सिर्फ एक नर्स स्टाफ तैनात था. इसके अलावा आशा कार्यकर्ताओं की मदद यहां अभियानों में ली जाती रही है. लेकिन अब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन के साथ ही यहां सीएच यानी हैल्थ ऑफिसर की तैनाती की जाएगी जिससे ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार भी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेगा. वर्तमान में जिले के 24 बड़े गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है. हालांकि वहां भी सुविधाओं का अभाव है. इस प्रकार जिले में एक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़ जाएगा. सीएम डॉ यादव ने विधायक को प्रेषित पत्र में उक्त आशय की जानकारी देते हुए विधायक सहित लोगों को शुभकामनाएं प्रेषित की है.

सीएम राईज स्कूल में निकला रसेल वाइपर सांप

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 26 जुलाई, सं. सांदीपनी शासकीय सीएम राइस स्कूल में शुक्रवार को जहरीले सांप रसेल वाइपर का रेस्क्यू किया गया. सूचना पर वन विभाग के ड्राइवर रामबाबू भंडारी ने पहुंचकर सांप को सुरक्षित पकड़ा और जंगल में छोड़ दिया. श्री भंडारी ने बताया कि इसी एक महीने के अंदर नगर की अलग-अलग जगह से 12 सांपों का रेस्क्यू कर चुके हैं. इनमें एक जगह अजगर भी था. स्थानीय स्तर पर वन विभाग या किसी भी शासकीय विभाग में सांपों का रेस्क्यू करने के लिए सर्प मित्र की व्यवस्था नहीं है.ऐसी स्थिति में पिछले कई वर्षों से अपने अनुभवों के आधार पर वन विभाग के ड्राइवर रामबाबू भंडारी स्वेच्छा से इस काम को करते आ रहे हैं.

कैदियों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग 28 को

राजगढ़ 26 जुलाई, का. एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की समय पर जांच, वायरल हेपेटाइटिस-बी एवं सी पॉजिटिव मरीजों की वायरल लोड टेस्टिंग तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई. जेल इंटरवेंशन कार्यक्रम के अंतर्गत 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किए जाने की जानकारी दी गई.

महिला मण्डल करेगी सावन सवारी की तैयारियां, बैठक सम्पन्न

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 26 जुलाई, सं. महादेव मित्र मंडल की सहयोगी संस्था पार्वती मित्र मंडल की बैठक रविवार को श्री वटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद क अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में आगामी श्रावण मास में निकाली जाने वाली बाबा महाकाल की सावन सवारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. महादेव मित्र मंडल के संगठन मंत्री दिनेश सिंह सिसोदिया ने मंडल की रूपरेखा तथा उद्देश्य को विस्तृत रूप से बताया साथ ही पार्वती मित्र मंडल की सावन सवारी में सक्रिय भूमिका के लिए मंडल की वरिष्ठ श्रीमती सरिता महेश पाटीदार को प्रभारी बनाया गया. साथ ही सहयोगी के रूप में श्रीमती राम कला दिनेश सिसोदिया, डिंपल मनोहर सोनी, रेखा कमल पुष्पद, पूजा लोकेश सोलंकी को बनाया गया.

अन्य महिलाओ को सदस्यों के रूप में लिया गया कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री बृज किशोर चौहान ने किया. आभार उपाध्यक्ष मनोहर सोनी ने माना. इस दौरान महेश पाटीदार, रामेश्वर पुष्पद, लोकेश सोलंकी, भूपेंद्र जोशी, सहयोग शर्मा, प्रथम पंवार सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित थे.

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात रेडियो प्रसारण

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 26 जुलाई, सं. देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात रविवार को विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल ने भाजपा कार्यकर्त्ता ओ के बीच वार्ड क्रमांक 9 पूर्व पार्षद सतीश गिरजे के निवास पर सुनी और बताया की मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को प्रेरणा, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है. कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, किसान मोर्चा अध्यक्ष एवं एल्डरमैन दिनेश सिसोदिया, महामंत्री कमल राठौर, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र सर्वावत, युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल पुष्पद तथा अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय वातावरण में सुना.

अपराध | सिटी थाना पुलिस ने ब्यावरा में हुई ट्रेक्टर चोरी का किया पर्दाफाश, 03 कुख्यात चोरों को गिरफ्तार किया

गांव में अल्टो चुराने आए थे, लालच जागा और ट्रैक्टर ले भागे बदमाश

एक अल्टो कार सहित 07 लाख रुपये का मशरुका किया जप्त
ब्यावरा सिटी थाना पुलिस ने भोपाल, गुना, सीहोर एवं विदिशा जिलों में घूम-फिरकर 100 से अधिक सीसीटीव्ही कैमरे सर्च कर आरोपियों को किया चिन्हित

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 26 जुलाई, का. अल्टो कार चुराने आए बदमाशों को लालच भारी पड़ गया. एक ट्रैक्टर चोरी कर लिया और पकड़े गए. एसपी अमित तोलानी के निर्देशन व एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ब्यावरा शहर निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सिटी पुलिस टीम ने ट्रेक्टर चोरी के मामले में 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. घटना हाल ही में 21 जुलाई की है. पुलिस ने मामले में तुरंत कार्यवाही करते हुए बदमाशों को ट्रैक्टर सहित दबोचा है.

जानकारी के अनुसार बीते 21 जुलाई को फरियादी जगदीश दांगी निवासी ग्राम हबीपुरा थाना ब्यावरा शहर ने रिपोर्ट किया कि रात्रि में किसी अज्ञात चोरों ने घर के मेन गेट का ताला तोडकर घर की बाउंण्ड्री के अन्दर खुसकर फार्मट्रेक ट्रेक्टर चोरी हो गया है. मामले गंभीर प्रवृति का होने से चोरी गये ट्रेक्टर की बरामदगी तथा आरोपियों की धरपकड़ हेतु उनि. अमित त्यागी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने घटनास्थल से बैरसिया, नजीराबाद, विदिशा, गुना क्षेत्र के करीबन 100 कैमरे खंगाले तथा साइबर सेल की मदद से चोरी गए ट्रैक्टर को आरोपी गब्बर उर्फ जगदीश गुर्जर निवासी कनेरा थाना नजीराबाद तथा लखपत गुर्जर निवासी बरबेली थाना नजीराबाद के कब्जे से जप्त किया गया एवं आरोपियों को गिरफ्तार किया गया.

अल्टो चुराने आए थे, ट्रैक्टर पर नियत डोली

पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया की दिनांक 21 जुलाई की रात को यह चार लोग लखपत, जगदीश, राजमोहन गुर्जर तथा अनिल गुर्जर चारों दोस्त चोरी करने के इरादे से राजमोहन की अल्टो गाड़ी से हबीपुरा गांव आए थे जहां एक घर की बाउंड्री में घुसकर इन लोगों ने वहां खड़ा फार्मट्रेक ट्रेक्टर चोरी किया और लखनवास होते हुए नजीराबाद के जंगलों में लाकर छुपा दिया जहां से पुलिस को पीछा करते देख इन लोगों ने ट्रैक्टर को नजीराबाद से लाकर खुरैल की पहाड़ी पर लाकर छिपाया, इसी बीच आरोपीगणों को पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया.

विवेचना के दौरान घटना में प्रयुक्त अल्टो कार सहित चोरी गया ट्रेक्टर कीमती 7 लाख रुपये को पुलिस ने जप्त किया एवं एक अन्य आरोपी राजमोहन को भी गिरफ्तार किया गया है. शेष आरोपी अनिल गुर्जर अभी फरार है जिसकी तलाश जारी है. उपरोक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी ब्यावरा (शहर) निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान, उनि. अमित त्यागी, 269 रूपराम वंशकार, मनोज परिहार, हेमन्त राजपूत, दिनेश किरार, राहुल मीना, अंकित रावत, पीयुष गुप्ता एवं सायबर सेल टीम राजगढ का सराहनीय योगदान रहा.